एक नजर में

नरेन्द्र मोदी विचार मंच के जिलाध्यक्ष बने रमेश द्विवेदी

पकड़ी : विकास क्षेत्र उस्का बाजार के ग्राम मेहदिया बुजुर्ग निवासी रमेश चंद्र द्विवेदी को प्रदेश अध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्र ने नरेन्द्र मोदी विचार मंच का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। अधिवक्ता राहुल द्विवेदी, पंकज कुमार अग्रहरि, आभास सिंह, सतेंद्र पाण्डेय, सुभाष चंद्र यादव, शिवचंद यादव, सचिन चौरसिया अन्य ने बधाई दी है।–विज्ञप्ति

सीमा पर संदिग्ध अवस्था मे मिला युवक का शव

कपिलवस्तु : कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के इंडो नेपाल सीमा के अलीगढ़वा में नोमेस लैंड के पास एक युवक का संदिग्ध अवस्था में शव मिला है। घटना की जानकारी लोगों को गुरुवार तीन बजे हुई है। सूचना पाकर पुलिस घटना स्थल पहुंची। पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी है। साथ ही उनकी पहचान के लिए लोगों से सम्पर्क भी कर रहे हैं। ग्रामीणों ने मृतक की पहचान बर्डपुर नंबर सात टोला धर्मपुर निवासी विनोद कुमार चौधरी 32 वर्ष पुत्र लालसा चौधरी के रूप में की है। जानकारी होने पर स्वजन रोते बिलखते घटना स्थल पहुंचे। शव को पीएम के लिए भेजा गया हैं। (**जासं**)

नारी शक्ति की प्रतीक हैं अहिल्याबाई होल्कर : ईओ

बिस्कोहर नपं अंतर्गत परशुराम नगर वार्ड में हुआ कार्यक्रम अधिकारियों व कर्मियों ने अहिल्याबाई को किया याद

जागरण संवाददाता, इटवा : नगर पंचायत बिस्कोहर के परशुराम नगर वार्ड में गुरुवार को अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति में सफाई अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। उनके जीवन आदर्शों पर चर्चा की गई तो कर्मचारियों ने साफ-सफाई करके उनको याद किया।

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अखिलेश दीक्षित ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की उन महान नारियों में से एक है, जिन्होंने नारी शक्ति, प्रशासनिक दक्षता और धर्म परायणता का उदाहरण प्रस्तुत किया। जिसका अनुसरण आज भी भारतीय जनमानस कर रहे हैं। महाराष्ट्र के अहमदनगर स्थित चांड़ी ग्राम में उनका जन्म हुआ था। प्रारंभ से ही वह विलक्षण प्रतिभा, और प्रखर बुद्धि की धनी रही। सभी लोगों को अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श व पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लोना होगा। कार्यक्रम प्रभारी अनूप पाण्डेय ने कहा आज उनकी स्मृति में ये कार्यक्रम किया जा रहा है। इस वर्ड में झुन झुनिया बाबा मंदिर परिसर एवं आसपास बृहद सफाई अभियान चलाकर सफाई की गई तथा लोगों से आह्वान किया गया कि हम सभी को उनसे से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर सुपरवाइजर कृपा शंकर पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, विद्या प्रकाश मौर्य, सौरभ मिश्रा, विनय पाण्डेय विन्नू, मीरा, किस्मती, नंदन गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

नगर पंचायत बिस्कोहर में अहिल्याबाई की स्मृति में स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई करते निकाय कर्मचारी व नया पीएचसी में सफाई करते चेयरमैन धर्मराज वर्मा ● जागरण

यह और अन्य खबरें देंखे

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

चेयरमैन ने की मंदिर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर की सफाई

जासं, बढ़नीचाफा : नगर पंचायत बढ़नीचाफा के अध्यक्ष धर्मराज वर्मा ने गुरुवार को स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। लोकमाता रानी अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान में इस अभियान का संचालित किया जा रहा है। सफाई मित्रों के साथ नगर पंचायत के मंदिर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई की। नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मराज वर्मा ने कहा कि अभियान को सफल बनाने व रानी अहिल्या बाई होल्कर के बताए आदर्श को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अभियान संचालित कर साफ सफाई की जा रही है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दो स्टाफ नर्स की नियुक्ति हुई है। एक जून से गर्भवती का प्रसव यहां पर सुचारु रूप से उपलब्ध होगा।

अब गर्भवती को प्रसव के लिए कहीं अन्य अस्पताल में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रमोद गौतम, गुलाब चंद्र यादव, राहुल दूबे, केशव राम, कन्हैयालाल, चंद्र पाल वर्मा, संतोष वर्मा, विकास चौहान, संजय कुमार, झिनकन गौतम, लवकुश शाहू, शिवपूजन वर्मा, सुनील यादव, मध्घू, उपेंद्र समेत अन्य मौजूद रहे।

सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच कर किया गया दवाओं का वितरण

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज : अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को नगर पंचायत डुमरियागंज कार्यालय सभागार में महिला सशक्तीकरण सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं पुरुष सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच कर दवाओं का वितरण किया गया। महिला सफाई मित्रों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम अवसर पर उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर जयंती पर शासन के निर्देशों के क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बनवाए, कुओं व बावड़ियों का निर्माण कराया, मार्ग बनवाया, काशी विश्वनाथ व सोमनाथ में शिवलिंग को स्थापित कराया।

इसके अलावा मंदिरों में विद्वानों की नियुक्ति शास्त्रों के मनन-चिन्तन और प्रवचन के लिए किया।

इस आयोजन में स्वास्थ्य विभाग की टीम, बीएमसी यूनिसेफ शोएब अख्तर, महिला सफाई मित्र किरन, बिंदू देवी, नगीना, नीलम, मालती तथा समस्त सफाई नायक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

महिला सफाई मित्र को पुरस्कार देकर सम्मानित करते ईओ सचिन कुमार ● जागरण

अत्याधुनिक मशीन से होगी रोड की सफाई, चमकेगा शहर

हनुमान मंदिर के पास झाड़ू वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद जगदंबिका पाल व नपा अध्यक्ष गोविंद माधव व अन्य ● जागरण

- सांसद ने हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजन के बाद स्वीपिंग ब्रश मशीन को किया रवाना
- सड़क की सफाई के साथ ही वाहन में लगाया गया है हाइड्रा मशीन, उठाएगी कूड़ा

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : शहर के प्रमुख मार्गो की सफाई अब महानगर की तर्ज पर होगी। इसके लिए नगर पालिका सिद्धार्थनगर ने अत्याधुनिक मशीन की खरीदारी की है। सांसद जगदंबिका पाल ने गुरुवार को इस मशीन को सफाई कार्य के लिए रवाना किया। इससे पूर्व हनुमानगढ़ी मंदिर में मशीन को लाने के बाद विधिवत पूजन किया गया। प्रमुख मार्ग की सफाई करने के साथ इस मशीन से अन्य कार्य भी किया जा सकता है।

सांसद ने अत्याधुनिक मशीन को रवाना करने के बाद कहा कि नगर पालिका शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए लोड आर्म मशीन खरीदी गई है।

जो प्रमुख मार्गों पर झाड़ू लगाकर कूड़े को उठाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव ने कहा कि मशीन में रोड स्वीपिंग ब्रश, सेक्शन प्रेशर पंप, कूड़ा कलेक्शन के लिए हाइड्रा लगा है।

शहर के मुख्य मार्गों पर आधुनिक मशीन से सफाई कार्य किया जाएगा। जिससे नगर स्वच्छ व सुंदर दिखेगा। सफाई के लिए नियुक्त कर्मचारियों को कालोनियों की सफाई व्यवस्था में लगाया जाएगा।

एसडीएम सदर डा. कल्याण सिंह मौर्या, शिवकुमार, सुधीर यादव, आशीष जायसवाल, फतेबहादुर सिंह, धनजंय सहाय, अमित, अखिलेश पांडेय, शिवनाथ चौधरी, ओमप्रकाश महतो, परवीन श्रीवास्तव, लवकुश ओझा, कुलदीप यादव, रुद्र प्रताप समेत अन्य मौजूद रहे।

माहवारी स्वच्छता का बताया महत्व

- इटवा ब्लाक के खड़सरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर हुआ कार्यक्रम
- ग्रामीण महिलाओं से संवाद, स्वस्थ जीवन शैली पर दी गई जानकारी

जागरण संवाददाता, इटवा : विकास खंड इटवा अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर खड़सरी पर गुरुवार को माहवारी स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें खड़सरी सहित जमोहना, कड़जहवा ग्रांट, कोटचपत राय, मधुबनिया की आशा, आंगनबाड़ी सहित ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के जरिये माहवारी स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी।

सिनर्जी संस्था की तरफ से कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने अभिनय के माध्यम से यह संदेश दिया कि माहवारी स्वच्छता एक सामान्य और महत्वपूर्ण विषय है, जिसके बारे में खुलकर बात करनी चाहिए।

सिनर्जी टीम सदस्य स्वालेहा फारूकी ने स्वस्थ जीवन शैली के लिए सही खान-पान और पौष्टिक आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। सीएचओ पिंकी चौहान ने कहा कि महिलाओं विशेषकर किशोरियों को इसके प्रति जागरूकता रखनी चाहिए। कार्यक्रम में एएनएम जानकी, आशा पुष्पा, सफिया, जंतुन्निशां, आंगनबाड़ी मंजू देवी, सुशीला देवी, ज्योतिमा यादव, रेनू देवी, श्याम, अमित दुबे मनीषा पांडेय, सूरज पांडेय, राधा सहित ग्रामीण महिलाएं एवं किशोरियों की उपस्थिति रही।

खड़सरी में माहवारी स्वच्छता को लेकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते कलाकार● जागरण

बीईओ ने समर कैंप में बच्चों के साथ खेला कैरम

जागरण संवाददाता, उस्का बाजार : उस्का बाजार विकास क्षेत्र के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द में चल रहे समर कैंप का निरीक्षण गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) ओम प्रकाश मिश्रा ने किया। इस दौरान उन्होंने ने बच्चों द्वारा की जा रही गतिविधियों में भी प्रतिभाग किया। बच्चों ने सुबह में योग के साथ समर कैंप की शुरुआत की। कैंप में तैनात शिक्षामित्र राजाराम व अर्चना श्रीवास्तव ने कविता व कहानी के माध्यम से बच्चों को गतिविधियों में सम्मिलित कराया। बच्चों ने मनमोहक ढंग से कई कविताएं प्रस्तुत की। जब बीइओ विद्यालय में पहुंचे तो बच्चे कैरम खेल रहे थे। बीईओ ने स्वयं बच्चों के साथ कैरम खेल कर उत्साहवर्धन किया। बीईओ ने बच्चों से समर कैंप में चल रही गतिविधियों के बारे में जानकारी लेने के साथ ही महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। बच्चों ने कविता व कहानी के वाचन के साथ ही पूर्व में हुई गतिविधियों से संबंधित प्रतिवेदन भी सुनाया। निरीक्षण के दौरान बच्चों से मुखातिब बीईओ ने कहा कि समर कैंप में इन गतिविधियों का आयोजन एक यादगार और फायदेमंद अनुभव हो सकता है। यह न केवल नया सीखने और कौशल विकसित करने का मौका देता है, बल्कि उन्हें दोस्तों के साथ समय बिताने और एक सकारात्मक सामाजिक वातावरण में रहने का भी अवसर प्रदान करता है। बीईओ ने कंपोजिट सुगही व करमा में भी कैंप का निरीक्षण किया।

कंपोजिट परसा खुर्द में बच्चों के साथ कैरम खेलते बीईओ ओपी मिश्रा ● जागरण

बिस्कोहर मुख्य बाजार में जाम से होती परेशानी

यहां अक्सर लगता है जाम राहगीर होते हैं परेशान

जागरण संवाददाता, बिस्कोहर : नगर पंचायत बिस्कोहर के मुख्य बाजार से गुजरने वाले मार्ग पर अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। राहगीर परेशान होते हैं तो व्यवसायी भी त्रस्त रहते हैं। आए दिन चार पहिया वाहन फंस जाते हैं और फिर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है।

मुख्य बाजार की सड़क इटवा-सिंगारजोत मार्ग जोड़ती है। इसलिए यही एक मात्र रास्ता है। सुबह हो या शाम, जाम लगने पर घंटों लोग फंसे रहते हैं।

व्यापारी, राहगीर, स्कूली बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कस्बा वासियों का कहना है की अगर इटवा-सिंगारजोत मार्ग का बाईपास बन जाए तो इस जाम के समस्या से निजात मिल जाए। यही नहीं मार्ग की स्थिति वर्तमान में बद से बदतर है। ऐसे में राहगीरों को जाम के साथ खराब सड़क से भी कष्ट उठाना पड़ता है। राम अजोर, प्रेम प्रकाश, सलीम, राहुल ने निकाय प्रशासन के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से समस्या समाधान की दिशा में उचित कदम उठाने की मांग की है।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बिस्कोहर अखिलेश कुमार दीक्षित ने बताया की वे खुद जांच करने जा रहे हैं। वैकल्पिक समाधान के साथ स्थायी समस्या निस्तारण के लिए जो संभव जरूरी कदम होंगे, उठाए जाएंगे।

इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD

शाखा हेतु वैकल्पिक परिसर के लिए निविदा आमंत्रण

इंडियन बैंक, जो सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है, दुहरी निविदा प्रक्रिया (तकनीकी और वित्तीय) के अंतर्गत अपनी शाखा को तिलकनगर, हरनाई, जिला गोरखपुर क्षेत्र में स्थापना करने के लिये (निर्मित अथवा निर्माणाधीन) भवन किराये पर लेने का, प्रस्ताव भवन स्वामियों से आमंत्रित करता है, जिसका परिमाण 1000 **वर्गफिट से** 1200 **वर्गफिट** के कार्पेट एरिया के अन्तर्गत होगा। जो 15 **वर्ष** के लीज पर होगी तथा जिसमें स्ट्रॉग रूम, एटीएम रूम एंव पार्किंग सुविधा के साथ वी-सेट लगाने तथा जनरेटर रखने के लिए स्थान की व्यवस्था हो।

निविदा प्रपत्र निम्नलिखित पते, शाखा तिलकनगर, हरनाई, जिला गोरखपुर एवं इडियन बैंक अचल कार्यालय गोरखपुर, पता-प्रथम तल प्रशांत टावर, महेवा रोड पुराना ट्रांसपोर्ट नगर, गोरखपुर, से दिनांक **30.05.2025 से 13.06.2025** तक धनराशि रु. 250 (अप्रतिदेय) के डी0डी0/आई0ओ0आई0 के माध्यम से जो ''इंडियन बैंक जोनल ऑफिस गोरखपुर'' के पक्ष में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 13.06.2025 है। निविदा का विस्तृत विवरण हमारी वेबसाइट www.indianbank.in से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है।

अंचल प्रबंधक
इंडियन बैंक, अंचल कार्यालय, गोरखपुर

Uttar Pradesh Gramin Bank
उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक
पूर्ववर्ती बड़ौदा यू.पी. बैंक

क्षेत्रीय कार्यालय: मेंहदावल रोड, संत कबीर नगर (खलीलाबाद) –272175
मो0. +91 9151082210, ई-मेल: ROKLBD@barodauprrb.co.in

सार्वजनिक बिक्री/ नीलामी सूचना (अचल सम्पत्तियों हेतु)

अचल सम्पत्तियों के लिए सार्वजनिक बिक्री / नीलामी सूचना

जबकि, **उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (पूर्ववर्ती बड़ौदा यू०पी० बैंक)** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेसी अधीनियम 2002) (2002 का 54) एवं प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13(12) सपठित नियम 8(6) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणियों को एक मांग नोटिस जारी की गई थी तथा बंधक सम्पत्तियों पर कब्जा भी लिया गया है। इस सूचना के द्वारा सार्वजनिक रूप से जनसामान्य व ऋणी/ बंधककर्ता/ जमानतकर्ता को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित मामलों में बकाया धनराशि की वसूली हेतु नीचे दर्शायी गई सम्पत्तियों की बिक्री प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के निम्नलिखित विवरणानुसार **उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (पूर्ववर्ती बड़ौदा यू०पी० बैंक), संत कबीर नगर** के ऋण खाते में बन्धक रखी हुई सम्पत्तियों की नीलामी **"जहाँ है जैसी है, जो है जैसी है, जो कुछ भी है"** के आधार पर नीलामी हेतु प्राप्त टेण्डरों में से सर्वाधिक राशि के टेण्डरों के पक्ष में की जायेगी।

जनसाधारण और विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) / बंधककर्ता (ओं) को एतदद्वारा दोबारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने सरफेसी अधिनियम, 2002 के अधीन निम्नांकित अचल सम्पत्तियों के लिए बोली / निविदाएं आमंत्रित करने का निर्णय लिया है। इसलिए, इच्छुक व्यक्तियों / बोलीदाताओं को **दिनांक 18.06.2025** को या उससे पहले, **उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (पूर्ववर्ती बड़ौदा यू०पी० बैंक), क्षेत्रीय कार्यालय, संत कबीर नगर** में मुहरबन्द लिफाफे में, निम्नांकित नियम व शर्तों को पूरा करके अपनी बोली प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। बोली **दिनांक 19.06.2025** को समय दोपहर 12:00 बजे खोली जाएगी। उधारकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के सन्दर्भ में उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबन्धों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

क्र. सं.	ऋणी/ज़मानतकर्ता/ बंधककर्ता का नाम	सम्पत्ति का विवरण/मालिक का नाम	मांग सूचना तिथि/ अधिग्रहण तिथि/ अधिग्रहण प्रकार	बकाया धनराशि (रू0)	आरक्षित मूल्य/ धरोहर राशि
शाखा: राजेडीहा					
1.	**ऋणी: श्री विरेन्द्र कुमार पाण्डेय पुत्र श्री रामचन्दर,** ग्राम– देवरी, पो– अर्जी, जिला– सिद्धार्थ नगर **ज़मानतकर्ता: (1) कमलेश पुत्र छोटेलाल,** ग्राम–बेल्वा लगुन्ही, पो–दलदला, जिला–सिद्धार्थ नगर **(2) हरेन्द्र कुमार पाण्डेय पुत्र राम चन्दर,** ग्राम– देवरी, पो– अर्जी, जिला– सिद्धार्थ नगर	सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्सों सहित भूमि एवं भवन, **क्षेत्रफल:** 228 वर्गमी, मकान सं. 39, पार्ट–।।, स्थित मौजा– बेलवा लगुनही, तप्पा– खेसरहा, तहसील– बांसी, जिला– सिद्धार्थ नगर, **भूस्वामी:** श्री विरेन्द्र कुमार पाण्डेय पुत्र श्री रामचन्दर **चौहद्दी (डीड एवं वर्तमान के अनुसार): पूर्व:** गली की बाद अब्दुल रसीद की जमीन, **पश्चिम:** पी,डब्लू.डी. सड़क बांसी से संत कबीर नगर, **उत्तर:** हरेन्द्र कुमार पाण्डेय का मकान, **दक्षिण:** रामलौट का माकन	17.02.2021 / 13.08.2021 / सांकेतिक कब्जा	रू. 5,04,347.00 दिनांक 16.02.2021 (+ ब्याज एवं अन्य खर्चे)	6,53,400.00 / 65,340.00
शाखा: रामपुर बाराकोनी					
2.	**ऋणी: राधिका ट्रेडर्स प्रोप राकेश कुमार पुत्र लालदेव,** ग्राम–ऐलिया, पोस्ट–परसांव, जिला–बस्ती **ज़मानतकर्ता: (1) राधिका देवी पत्नी लालदेव,** ग्राम–ऐलिया, पोस्ट–परसांव, जिला–बस्ती (बंधककर्ता) **(2) रामचेत पुत्र हरदेव,** ग्राम– पिपरपाती अहतमाली, पोस्ट–परसांव, जिला–बस्ती	अचल सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्सों सहित क्षेत्रफल–0.063 हेक्ट, प्लॉट सं. 248, मिन, स्थित ग्राम–ऐलिया पोस्ट–परसांव, तप्पा–कुदराहा, परगना–महूली पश्चिम उप जिला बस्ती, जिला–बस्ती, **भूस्वामी:** श्रीमती राधिका देवी पत्नी लालदेव **चौहद्दी: उत्तर:** भूमि राम कल्प, **दक्षिण:** अनिल कुमार की भूमि, **पूर्व:** इन्द्रदेव की भूमि, **पश्चिम:** कच्चा रास्ता	23.07.2021 / 06.10.2021 / सांकेतिक कब्जा	रू. 7,45,245.00 दिनांक 30.06.2021 (+ ब्याज एवं अन्य खर्चे)	13,17,600.00 / 1,31,760.00
शाखा: पीडिया बाज़ार					
3.	**ऋणी: मेसर्स बोल बम गल्ला भण्डार प्रो. कृष्णा भगवान राय पुत्र तेज बहादुर राय,** ग्राम–गोरयाघाट, पोस्ट–रेवता, जिला–सन्त कबीर नगर **ज़मानतकर्ता: (1) श्री तेज बहादुर राय पुत्र राम राज राय,** ग्राम–गोरयाघाट, पोस्ट–रेवता, जिला–सन्त कबीर नगर–272176 **(2) श्री आनन्द कुमार राय पुत्र अभिमन्यू राय,** ग्राम–गोरयाघाट, पोस्ट–रेवता, जिला–सन्त कबीर नगर–272176	अचल सम्पत्ति के सभी भाग एवं पार्सल सहित व्यावसायिक भूमि एवं भवन मापित प्लॉट सं. 370 मिन, क्षेत्रफल 1704.06 वर्ग फिट/158.37 वर्ग मी., स्थित: ग्राम–बेलहरा, तप्पा–तरफ बेलघटिया, परगना–महूली पूरब, तहसील–धनघटा, जिला–सन्त कबीर नगर, **भूस्वामी:** श्रीमती सरोजनी राय पत्नी श्री तेज बहादुर राय के नाम से स्थित, निवासी–बेलहरा, पोस्ट–पीदिया बाज़ार, जिला–संन्त कबीर नगर (सेल डीड सं. 2584 दिनांक–19.09.2012) **चौहद्दी: उत्तर:** कोइल यादव एवं अन्य का खुला प्लॉट, **दक्षिण:** मृदुला राम की भूमि, **पूर्व:** सड़क, **पश्चिम:** प्रकाश यादव की भूमि	20.09.2022 / 28.12.2022 / सांकेतिक कब्जा	रू. 6,16,013.00 दिनांक 20.09.2022 (+ ब्याज एवं अन्य खर्चे)	26,70,300.00 / 2,67,030.00
शाखा: सिहटीकर					
4.	**ऋणी: श्रीमती सीमा पाण्डेय पत्नी सतीष पाण्डेय,** ग्राम–बारगो, पोस्ट–बौरब्यास, जिला–सन्त कबीर नगर **ज़मानतकर्ता: (1) श्री सतीष कुमार एवं श्री सत्येन्द्र कुमार पुत्र स्व0 ओम प्रकाश पाण्डेय (पदमावती देवी पत्नी ओम प्रकाश की कानूनी वारिस–बंधककर्ता एवं ज़मानतकर्ता)** ग्राम–बारगो, पोस्ट–बौरब्यास, तप्पा–बखीरा, तहसील–खलीलाबाद, जिला–सन्त कबीर नगर **(2) श्री राम चन्द्र पाण्डेय पुत्र राजमणी पाण्डेय** ग्राम–बारगो, पोस्ट–बौरब्यास, तप्पा–बखीरा, तहसील–खलीलाबाद, जिला–सन्त कबीर नगर	अचल सम्पत्ति के सभी भाग एवं पार्सल सहित भूमि एवं भवन, मापित प्लॉट सं. 193, क्षेत्रफल–0.012 हेक्ट. या 120 वर्ग मी. (डीड के अनुसार दिनांक 29.012007) एवं पुराना प्लॉट सं. 96 मिन या नया प्लॉट सं. 194, क्षेत्रफल–190 वर्ग मी. (सेल डीड के अनुसार दिनांक 18.07.2001) **कुल क्षेत्रफल 310 वर्ग मी., अब दोनों प्लॉट मिले हुए हैं,** स्थित: ग्राम–बेलूडीहा, तप्पा–उतरावल, परगना–मगहर पूरब, तहसील–खलीलाबाद, जिला–सन्त कबीर नगर, **भूस्वामी:** श्रीमती पदमावती देवी पत्नी श्री ओम प्रकाश पाण्डेय के नाम से, निवासी–ग्राम–बारगो, पोस्ट–बौरब्यास, तप्पा–बखीरा, परगना–मगहर पूरब, तहसील–खलीलाबाद, जिला–सन्त कबीर नगर **चौहद्दी वर्तमान में दोनो प्लॉट जुड़े हुए: उत्तर:** पीडब्ल्यूडी सड़क, **दक्षिण:** बेकारु यादव की भूमि, **पूर्व:** दुर्गा पाण्डेय की खाली भूमि, **पश्चिम:** वेन्डर की भूमि	17.05.2023 / 31.07.2023 / सांकेतिक कब्जा	रू. 4,55,782.00 दिनांक 08.05.2023 (+ ब्याज एवं अन्य खर्चे)	21,65,400.00 / 2,16,540.00
शाखा: मगहर					
5.	**ऋणी: रिन्कू सिंह पत्नी विरेन्द्र सिंह,** ग्राम–कसैला, पो–खलीलाबाद, जिला–सन्त कबीर नगर **सह–ऋणी: विरेन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह,** ग्राम–कसैला, पो–खलीलाबाद, जिला–सन्त कबीर नगर	सम्पत्ति के सभी भाग एवं पार्सल सहित क्षेत्रफल–72 वर्ग मी. क्र.सं. 5002, दिनांक 14.11.2017, प्लॉट सं. 28 मिन, स्थित: ग्राम–कसैला, तप्पा–दक्षिण हवेली, परगना–मगहर ईस्ट, पंजीकरण सब–जिला खलीलाबाद सहित एवं जिला–सन्त कबीर नगर, **भूस्वामी:** श्रीमती रिन्कू सिंह पत्नी विरेन्द्र सिंह के नाम से **चौहद्दी वर्तमान: पूर्व:** दिवाकर उपाध्याय की भूमि, **पश्चिम:** कच्चा सड़क 12 फिट, **उत्तर:** कच्चा सड़क 12 फिट, **दक्षिण:** नज़मा खातून का भवन	22.09.2021 / 03.12.2021 / सांकेतिक कब्जा	रू. 13,00,267.00 दिनांक 31.08.2021 (+ ब्याज एवं अन्य खर्चे)	21,33,000.00 / 2,13,300.00

बिक्री के नियम एवं शर्तें: 1. इच्छुक बोलीदाताओं को मुहरबन्द लिफाफे, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की प्रति और फोटो के साथ में अपनी बोली जमा करनी होगी। **(लिफाफे के ऊपर स्पष्ट और पठनीय बोली क्रम सं. एवं प्रकाशन की तिथि वर्णित होनी चाहिए। 2.** बोलीदाताओं को बोली के साथ अग्रिम में संत कबीर नगर (खलीलाबाद) में देययोग्य एवं **प्राधिकृत अधिकारी, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (पूर्ववर्ती बड़ौदा यू०पी० बैंक)** के पक्ष में डीडी / बैंकर्स चेक के रूप में जमा धरोहर राशि के रूप में आरक्षित मूल्य का 10% जमा / संलग्न करना होगा। सर्वोच्च बोली मूल्य (आरक्षित मूल्य से कम की नहीं होनी चाहिए) को सफल बोलीदाता के रूप में माना जाएगा। और शेष असफल बोलीदाताओं की ईएमडी एक सप्ताह के अन्दर बिना किसी ब्याज के वापस कर दी जाएगी। **3.** सफल बोलीदाता को नगद के रूप में उसी दिन बोली रकम (ईएमडी को छोड़कर) का 15% जमा करना होगा और शेष अनिवार्य रूप से बिक्री की पुष्टि के 15 दिनों के अन्दर जमा करना होगा , अगर वे ऐसा नहीं करते है तो उनके द्वारा पूर्व में जमा की गयी रकम जब्त कर ली जाएगी। **4.** प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये या पूर्व सूचना दिये बोली / सर्वोच्च बोली को स्वीकार / अस्वीकार / रद्द / निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। प्राधिकृत अधिकारी बिक्री / नीलामी की तिथि को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **5.** प्राधिकृत अधिकारी किसी भी प्रकार के बकाया प्रभारों / देनदारियों / भार / करों / सरकारी बकायों और अन्य पक्ष के दावों व बकायों के लिए जवाबदेह नहीं होंगे। **6.** सम्पत्ति को आरक्षित मूल्य से कम में किसी भी रकम पर बेचा नहीं जाएगा। सफल बोलीदाता को सभी स्टाम्प ड्यूटी एव पंजीकरण शुल्क का भुगतान स्वय करना होगा। **7.** यदि ऐसा पाया जाता है कि दो या अधिक बोलीदाताओं की एक समान बोली रकम है तो प्राधिकृत अधिकारी उनके मध्य पुन: नयी बोली आमंत्रित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। **8.** बोली/ बिक्री बैंक की पुष्टि के अधीन होगी। सम्पत्ति को **"जैसा है जहां है", "जैसा है जो कुछ है " और "वहां जो कुछ भी है"** आधार पर बेचा जा रहा है। **9.** अगर कोई कर्जदार/ गारंटीदाता / बंधककर्ता नीलामी से पहले बैंक को पूर्ण बकाये का भुगतान कर देता है तो नीलामी को रोक दिया जाएगा। **अत: कर्जदार / गारंटीदाता / बंधककर्ता के पास नीलामी से पूर्व प्रतिभूत आस्तियों को निर्गत करने का अवसर होगा जो प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 13 की उप – धारा (8) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन संशोधन नियमों 2002 द्वारा) के अधीन बकाया पूर्ण राशि एवं प्रभारों के भुगतान के अधीन होगा। 10.** यह बोलीदाताओं की एकमात्र जिम्मेदारी है कि वे सम्पत्तियों के संबंध में संतुष्ट एवं पुष्ट हो लें। वे अपरान्ह 2:00 बजे से साय 5:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस पर संबंधित शाखा से समय लेकर सम्पत्ति को देख कर निरीक्षण कर सकते हैं। **11.** यह बिक्री नोटिस कर्जदारों /गारंटीकर्ता (ओं) / बंधककर्ता (ओं) के लिए विशेष रूप से तथा जनता / सर्वसाधरण के लिए सामान्तर रूप से है। **12.** बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया प्रतिभूत लेनदारों की वेबसाइट में प्रदान किए गये लिंक यानि **https://upgbank.com/sarfaesinotice.php.** देखें।

सरफेसी अधिनियम 2002 के अधीन 15 दिनों की बिक्री सूचना

कर्जदारों / गारंटीदाताओं / कानूनी वारिसों / बंधककर्ता (ओं) को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि नीलामी से पूर्व बैंक को उपरोक्त वर्णित सभी बकाये का भुगतान करें , अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो बंधक सम्पत्ति को वर्णित तिथि को बेच दिया जाएगा और अगर कोई अन्य बकाया शेष होगा तो एसे उचित ब्याज , प्रभारों एवं व्यय के साथ उनसे वसूल किया जाएगा।

दिनांक: 30.05.2025 **स्थान: संत कबीर नगर** **प्राधिकृत अधिकारी, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (पूर्ववर्ती बड़ौदा यू0पी0 बैंक)**